# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून, पंजाब केसरी

दिनांक 21.2.2019 पृष्ठ सं. 4,2 कॉलम 5-6, 7-8

## हवन-यज्ञ के साथ एनएसएस शिविर शुरू



हिसार स्थित हकृवि द्वारा सीसवाल गांव में लगाए जा रहे एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ करते अधिकारी व ग्रामीण। -निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सीसवाला गांव में साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। शिविर में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि थे, जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. भगत सिंह, डॉ. नवीश कम्बोज व डॉ. प्रियंका सहित ग्रामवासी शामिल हुए। डॉ. केएस ग्रेवाल ने शिविर के आयोजन के लिए इकाई को शुभकामनाएं दीं तथा स्वयं सेवकों से विद्यालय के विद्यार्थियों को नई राह दिखाने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर सीसवाला में शुरू




*शिविर के शुभारंभ यज्ञ में पूर्णाहुति डालते एच.ए.यू. स्टाफ।*

हिसार, 20 फरवरी (ब्यूरो): एच.ए.यू. के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक सप्ताह का शिविर बुधवार को सीसवाला गांव में शुरू हुआ। यज्ञ-हवन के साथ शुरू हुए शिविर में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. के.एस. ग्रेवाल छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया भी शरीक हुए। इस अवसर पर एन.एस.एस. इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डा. भगत सिंह, डा. नवीश कम्बोज व डा. प्रियंका सहित ग्रामवासी शामिल हुए। डा. के.एस. ग्रेवाल ने कहा कि यह यज्ञ राष्ट्रीय सेवा योजना की भारतीय संस्कृति के प्रति दृढ़ता को प्रकट करता है। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और रैली निकाल कर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 21.2.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....6-8....



## रैली निकाल किया जागरूक

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का गांव सीसवाला में एक सप्ताह का शिविर शुरु हुआ। गांव के प्राथमिक विद्यालय में यज्ञ के साथ शुरु हुए इस शिविर में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने अध्यक्षता की। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. भगत सिंह, डॉ. नवीश कंबोज व डॉ. प्रियंका सहित ग्रामवासी शामिल हुए। डॉ. केएस ग्रेवाल ने कहा कि यज्ञ राष्ट्रीय सेवा योजना की भारतीय संस्कृति के प्रति दृढ़ता को प्रकट करता है। इस दौरान हाल ही में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और रैली निकाल कर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरि भूमि......
दिनांक ..21.2.2019.. पृष्ठ सं. ....16.... कॉलम ....1....



### हकृवि ने सीसवाला में लगाया एनएसएस शिविर

हिसार। हकृवि के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सीसवाला गांव में एक सप्ताह का शिविर आरंभ हुआ। गांव के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में यज्ञ के साथ आरंभ हुए इस शिविर में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. भगत सिंह, डॉ. नवीश कंबोज व डॉ. प्रियंका सहित ग्रामवासी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका, छाजूराम व युवा क्लब से सतबीर ने उपस्थित जनों व एनएसएस इकाई का स्वागत किया तथा शिविर दौरान हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिलाया। डॉ. एके ढाका ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलवामा में हुए आंतकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और रैली निकाल कर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 20.2.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

शिविर | रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर सीसवाला में शुरू

**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सीसवाला गांव में एक सप्ताह का शिविर आरंभ हुआ। शिविर में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केएस ग्रेवाल मुख्य अतिथि जबकि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. भगत सिंह, डॉ. नवीश कम्बोज व डॉ. प्रियंका सहित ग्रामवासी शामिल हुए।

डॉ. केएस ग्रेवाल ने कहा कि यह यज्ञ राष्ट्रीय सेवा योजना की भारतीय संस्कृति के प्रति दृढ़ता को प्रकट करता है। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए इकाई को शुभकामनाएं दीं तथा स्वयंसेवकों से विद्यालय के विद्यार्थियों



*हिसार। हवन में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. केएस ग्रेवाल ।*

को नई राह दिखाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. डीएस दहिया ने स्वयंसेवकों को मानवता की भलाई के लिए सतत प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जीवन में खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. एके ढाका ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. भगत सिंह ने स्कूल की प्रचार्य वंदना तथा गांव वासियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया जबकि डॉ. नवीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में पुलवामा में हुए आंतकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और रैली निकाल कर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर
दिनांक 19.2.2019 पृष्ठ सं. 17, 2 कॉलम 1-2, 7

### मधुमक्खी और खुम्ब उत्पादन के लिए 25 से शुरू होगा प्रशिक्षण

**हिसार :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन और खुम्ब उत्पादन विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित करने जा रहा है। इसमें मधुमक्खी पालन 25 फरवरी से और खुंब का 26 फरवरी से तीन दिन के लिए शुरू होगा। उपरोक्त संस्थान की कार्यकारी सह निदेशका डा. मंजू दहिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों में से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण एक माह का होगा जो 25 फरवरी से आरंभ होगा जबकि खुम्ब उत्पादन प्रशिक्षण 26 से 28 फरवरी तक होगा। (जासं)

### एचएयू में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 25 फरवरी से

**हिसार** | एचएयू के साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन और खुंब उत्पादन विषयों पर प्रशिक्षण करेगा। संस्थान की कार्यकारी सह निदेशिका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण एक माह का होगा जो 25 फरवरी से शुरू। खुंब उत्पादन प्रशिक्षण तीन दिवसीय (26 से 28 फरवरी तक) होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 20.2.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण 25 से

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन और खुम्ब उत्पादन विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित करने जा रहा है। उपरोक्त संस्थान की कार्यकारी सह निदेशका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों में से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण एक माह का होगा जो 25 फरवरी से आरंभ होगा जबकि खुम्ब उत्पादन प्रशिक्षण तीन दिवसीय (26 से 28 फरवरी तक) होगा। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षणों में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन और खुम्ब उत्पादन से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी जिससे कि प्रशिक्षु स्वरोजगार आरम्भ करके आय उपार्जन में सक्षम बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक व्यक्ति हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 के नजदीक, बालसमंद रोड स्थित उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए आधार कार्ड (मौलिक एवं फोटोकॉपी) और एक रंगीन फोटो तथा खुम्ब उत्पादन प्रशिक्षण के लिए उपरोक्त दोनों के साथ बैंक पासबुक की फोटोकॉपी भी जरूरी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....निरपक्ष ढाईम्स....
दिनांक ..20.2.2019.. पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...

# मधुमक्खी पालन व खुंब उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित करेगा हकृवि : दहिया

हिसार, 20 फरवरी (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान किसानों, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन और खुंब उत्पादन विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित करने जा रहा है। संस्थान की कार्यकारी सह निदेशका (प्रशिक्षण) डॉ. मंजू दहिया ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि कौशल परिषद के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों में से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण एक माह का होगा जो 25 फरवरी से आरंभ होगा जबकि खुंब उत्पादन प्रशिक्षण तीन दिवसीय (26 से 28 फरवरी तक) होगा। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षणों में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन और खुंब उत्पादन से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी जिससे कि प्रशिक्षु स्वरोजगार आरम्भ करके आय उपार्जन में सक्षम बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रशिक्षणों के लिए इच्छुक व्यक्ति हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नं. 3 के नजदीक, बालसमंद रोड स्थित उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए आधार कार्ड (मौलिक एवं फोटोकॉपी) और एक रंगीन फोटो तथा खुंब उत्पादन प्रशिक्षण के लिए उपरोक्त दोनों के साथ बैंक पासबुक की फोटोकॉपी भी जरूरी है।